









# जल जीवन मिशन को लगाया जा रहा पलीता

## पी एच ई का कार्य फ्लॉप होने के बाद जल निगम पर जिम्मेदारी

नवभारत न्यूज

**नागौद 23 फरवरी, जनपद पंचायत नागौद के ग्रामीण क्षेत्रो में जल जीवन मिशन के तहत पी एच ई द्वारा बनाई गई टंकियों से घर घर पानी तो नहीं पहुंच पाया किंतु ठेकेदारों और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से सरकार की योजना पर पलीता लगाते हुए जमकर भ्रस्टाचार किया गया और करोड़ों की चपत लगाई गई।**





नागौद जनपद क्षेत्र में शायद ही कोई बिरली ग्राम पंचायत हो जहाँ पर नल जल योजना फ्लॉप न हुई हो। पी एच ई विभाग के अधिकारियों की सही मॉनिटरिंग न होने के कारण ठेकेदारों ने बगैर किसी तकनीकी अमले की मॉनिटरिंग के मजदूरों के भरोसे उल्टी सीधी पाइप लाइन डालकर अपने कोरम की पूर्ति कर ली जो पाइपलाइन पानी सप्लाई से पहले ही क्षतिग्रस्त हो गई और योजना फ्लॉप हो गई। हाल में ही सड़क निर्माण के दौरान पी वी सी की पाइपलाइन नागौद-जसो रोड में शाहपुर के पास क्षतिग्रस्त हो गई है यदि जल निगम द्वारा किये जा रहे कार्य की तकनीकी कमियों को दूर करने हेतु जिम्मेदारों द्वारा प्रॉपर मॉनिटरिंग नही की गई तो भविष्य में पी एच ई विभाग जैसे इस योजना के फ्लॉप होने की संभावना से इनकार नही किया जा सकता है।

### योजना को सफल बनाने की जिम्मेदारी अब जल निगम पर

पी एच ई विभाग की नलजल योजना फ्लॉप होने के बाद गांव गांव तक पानी पहुंचाने की जिम्मेदारी अब जल निगम को दी गई है, जल निगम द्वारा जारी किए गए टेंडर के हिसाब से के ई सी कंस्ट्रक्सन कम्पनी द्वारा काम किया जा रहा है,के ई सी द्वारा डाली जा रही पाइपलाइन में भी गड़बड़झाला देखने को मिल रहा है,नागौद से जसो रोड में सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है,मोटी गैल्वेनाइज्ड पाइप लाइन सड़क के अंदर आ रही जिससे भविष्य में पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से मरम्मत कार्य में सड़क को खोदना पड़ेगा जिससे यातायात बाधित होगा और सड़क भी क्षतिग्रस्त होगी।

### बाणसागर का पानी कैसे पहुंचेगा गांव-गांव

पी एच ई द्वारा बनाई गई टंकियों के फ्लॉप होने के बाद यह मान लिया गया कि बोरिंगों से डायरेक्ट सप्पलाई सफल नही है इसलिए सरकार बाणसागर का पानी गांव गांव पहुचाने की कटिबद्धता की जिम्मेदारी जल निगम को सौंपकर ठेकेदार मेसर्स के ई सी कंस्ट्रक्सन कम्पनी के माध्यम से काम करवा रही है,लेकिन यदि यह काम बगैर तकनीकी अमले की उपस्थित के तकनीकी मापदंडों को दरकिनार किया जाएगा तो फिर जल जीवन मिशन के तहत न तो गांव गांव बाणसागर का पानी पहुंचेगा और न ही घर घर नल घर घर जल का सपना साकार हो सकेगा ।जिम्मेदारों को समय रहते तकनीकी अमले की उपस्थिति में निर्माण कार्य किया जाना सुनिश्चित करना चाहिए।

# बोर्ड परीक्षा के दौरान डीजे पर प्रतिबंध एवं जले ट्रांसफार्मर बदले जाएं : मधु सिंह

नवभारत न्यूजज

**रामपुर बाघेलान 23 फरवरी, मध्यप्रदेश कुर्मी क्षत्रिय संगठन की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह ने जारी बयान में जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा की बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनज़र रखते हुए जिला प्रशासन से देर रात तक बजने वाले डीजे पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।**



उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कक्षा 5वीं 8वीं 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाएं संचालित हो रही हैं, ऐसे में ध्वनि प्रदूषण विद्यार्थियों की पढ़ाई में बाधा उत्पन्न कर रहा है। मधु सिंह ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों से अभिभावकों द्वारा शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि देर रात तक तेज ध्वनि में डीजे बजने से बच्चों की एकाग्रता प्रभावित हो रही है। परीक्षा काल में विद्यार्थियों को शांत एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन एवं समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी ध्यानाकर्षण कराया कि जिले के कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर जले होने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित है। बिजली न मिलने से विद्यार्थी रात्रि में अध्ययन नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनकी परीक्षा की तैयारी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मधु सिंह ने जिला प्रशासन से मांग की है कि परीक्षा अवधि तक रात्रिकालीन डीजे संचालन पर सख्ती से प्रतिबंध लगाया जाए तथा जले हुए ट्रांसफार्मरों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र बदला जाए, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# थाना चौराहे पर अनशन , आशा बहनों संग कर्मचारियों का आक्रोश चरम पर

नवभारत न्यूज

**रामनगर/ मैहर , 25 फरवरी । कर्मचारियों का आरोप है कि नगर परिषद न्यू रामनगर में छह महीने से बकाया वेतन, ईपीएफ और अन्य लाभ न मिलने से संकट अब जानलेवा हो गया है और पहले आवास प्रभारी पुरुषोत्तम पटेल और लालू पटेल की मौत हो चुकी है, जबकि वार्ड प्रभारी राजेंद्र प्रसाद पटेल को तनाव से हार्ट अटैक आया और वे भोपाल के चिरायु अस्पताल में भर्ती हैं, हालत गंभीर।**



परिजनों का आरोप है कि पूर्व सीएमओ लखन लाल ताम्रकार हर बार टालमटोल करते थे, मुआवजा तक नहीं मिला, परिवार पर आर्थिक संकट है । जनवरी 2026 में 120-140 कर्मियों को बिना नियम आउटसोर्स करने की कोशिश के खिलाफ 10 दिन अनशन चला, एसडीएम-तहसीलदार की मौजूदगी में समझौता हुआ, लेकिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी के 24 जनवरी आदेश (क्रमांक 82) पर कोई अमल नहीं। आज थाना चौराहे पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू हो गया है। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा ने कहा कि समस्त कर्मचारियों का वेतन, एरियर्स और पीएफ अटका है, परिवार भूखे मर रहे हैं। आऊटसोर्स विवाद के बाद भी लाभ रोके गए, अब न्याय तक संघर्ष चलेगा। आशा बहनों की पीड़ा भी समान ड्ड जुलाई 2025 से मानदेय नहीं, 2025 वाउचर लंबित, 1000 रुपये वार्षिक वृद्धि एरियर्स अटका, आयुष्मान कार्ड बोझ और डिलीवरी ड्यूटी में कोई सुविधा नहीं। गायत्री पाठक व पूजा कुशवाहा ने कहा कि हम स्वास्थ्य की रीढ़ हैं, लेकिन घर चलाना मुश्किल।

### मुख्य मांगे

समस्त कर्मचारियों का 6 माह बकाया वेतन, ईपीएफ,एरियर्स , मृतकों के परिजनों को मुआवजा, आशा मानदेय-वाउचर जारी, डिलीवरी सुविधा।अनशन से सफाई, टीकाकरण, प्रसव सेवाएं ठप होने का खतरा है। अमरपाटन-मुकुंदपुर में पहले से धरना चल रहा है, कुछ बहनों ने खून से सीएम को पत्र लिखा है। प्रशासन सिर्फ आश्वासन दे रहा है। अगर 2-3 दिन में कार्रवाई नहीं तो आंदोलन जिले भर फैलेगा।

# विकसित भारत जी राम जी योजना से सर्वांगीण विकास आजीविका एवं रोजगार की महत्वपूर्ण योजना : गणेश

नवभारत न्यूज

**मैहर 23 फरवरी,अमरपाटन के गांवों के सर्वांगीण विकास एवं आजीविका से जोड़ने एवं रोजगार का महत्वपूर्ण साधन मध्य प्रदेश एवं भारत सरकार की विकसित भारत जी राम जी योजना से संभव हो सकता है**



यह बात सतना के सांसद गणेश सिंह ने जनपद पंचायत अमरपाटन में आयोजित एक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कही। सांसद श्री सिंह ने यह कहा कि इस योजना के अंतर्गत जहां लोगों को 125 दिनों का रोजगार उपलब्ध होगा वहीं दूसरी तरफ आजीविका का के लिए नए-नए व्यवसाय स्थापित कर तथा कृषि की दिशा पर किसानों को कार्य करने एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में वरदान साबित होगी. श्री सिंह ने कहा की भूमि संरक्षण एवं जल संवर्धन हरियाली वृक्षारोपण के महत्वपूर्ण कार्य भी इस योजना के अंतर्गत पंचायत ले सकेंगे. अमरपाटन पहुंचने पर सांसद श्री सिंह का स्वागत वेद मणि मिश्रा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अमरपाटन द्वारा पुष्प हार से स्वागत किया गया एवं स्मृति चिन्ह देकर माननीय सांसद जी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा पीपीटी के माध्यम से सीईओ श्री मिश्रा द्वारा प्रस्तुत की गई. कार्यक्रम का संचालन वीसी विकास गौतम द्वारा किया गया । कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल , भाजपा के जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने, जिला पंचायत पंचायत के उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह आदि ने कार्यक्रम योजना की के महत्वपूर्ण पहलू पर प्रकाश डालते हुए संबोधित किया । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती तारा विजय पटेल, विनीत पांडे प्रतिनिधि अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती जयंती महेश तिवारी, कल्पना सिंह, जितेंद्र सिंह जिला महामंत्री ,जिला उपाध्यक्ष धीरेंद्र द्विवेदी भक्कन गुरु, मंडल अध्यक्ष सुयश चतुर्वेदी, विकास गौतम विकासखंड समन्वयक, उमेश गौतम , ओपी द्विवेदी लेखा अधिकारी ,शोभा तिवारी समग्र सुरक्षा अधिकारी, राजेश बाड़ोलिया सहायक लेखा अधिकारी, आशुतोष पांडे विकासखंड संवाद स्वच्छता मिशन, पवन पांडे, जयप्रकाश मथुरा राजनारायण मिश्रा ,प्रतुल श्रीवास्तव सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

# मैहर में नये सीएमओ प्रिंस अग्रवाल ने कार्यभार संभाला

नवभारत न्यूज

**मैहर 23 फरवरी, नगर पालिका परिषद मैहर में प्रिंस अग्रवाल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी का प्रभार ग्रहण कर लिया है। पदभार संभालते ही उन्होंने नगर के सर्वांगीण विकास, आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण को अपनी प्राथमिकता बताया।**



नये सीएमओ प्रिंस अग्रवाल ने कहा कि मैहर नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहर के रूप में विकसित करना उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने अधूरे विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने, सफाई व्यवस्था को मजबूत करने, पेयजल आपूर्ति में सुधार तथा नगर के प्रमुख मार्गों के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए नियमित जनसुनवाई आयोजित की जाएगी, ताकि नागरिकों की शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निराकरण हो सके।

# गिरदावरी नहीं होने से किसान परेशान, रजिस्ट्रेशन अटके

नवभारत न्यूज

**कोटर 23 फरवरी, क्षेत्र के कई गांवों में गिरदावरी नहीं होने से किसानों के फसल रजिस्ट्रेशन अटक गए हैं, जिससे किसानों में भारी नाराजगी है। मामला रजरवार, अंबेर, गोलाहटा, देवरा एवं सोहास का बताया जा रहा है ।**



किसानों का आरोप है कि समय पर गिरदावरी नहीं होने के कारण वे अपनी गेहूं की फसलों का पंजीयन नहीं करा पा रहे हैं। कई किसानों ने बताया कि वे लगातार तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन पटवारी द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण नहीं किया जा रहा। इससे समर्थन मूल्य पर उपज बेचने की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि फसल की स्थिति का सर्वे समय पर नहीं होने से शासन की योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है।

किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल गिरदावरी कराकर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कराई जाए, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान न उठाना पड़े किसानों ने बताया कि 7 फरवरी से 7 मार्च तक ही रजिस्ट्रेशन की अवधि है इसके बाद भी हल्का के पटवारी गिरदावरी करने में लापरवाही कर रहे हैं जिससे किसान परेशान हैं किसानों ने इस सम्बन्ध में तहसीलदार के पास गए तो उनका जबाव है की हो जाएगा मैं पटवारीओ को बोल दिया है जिससे किसान परेशान हैं और जिम्मेदार पटवारी लापरवाही करने पर उतारू है जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

# खबर लगते ही उठा सड़क का कचरा






नवभारत न्यूज

**उचेहरा / सतना 23 फरवरी, अपने घरो से निकले कचरा को डस्टविन में न रख रोड में किसी के घर के पास बाहर रोड में फेंक देने से अक्सर विवाद की स्थिति बन जाती है.**

कुछ हुआ यूं कि रोज की तरह जब वार्ड 6 मैहर रोड का कचरा सुबह परिषद के कचरा वाहन ने नहीं उठाया, जिससे किसी दुकान के पास पड़ा कचरा रोड में आ गया जिसके चलते मोहल्ले वासियों के आक्रोश पनपने लगा और जैसे ही यह खबर सोशल मीडिया में चली तुरंत ही नगर परिषद का कचरा वाहन रोड में पड़े कचरे को उठाते ही पूरा मामला शांत हो गया।काबिलेगौर है कि डोर टू डोर कचरा क्यों नहीं उठाया जा रहा जबकि कुछ समय पहले यह नागरिकों की आदत में हो गया था.

# आदर्श विद्यालय के बच्चे भारतीय सेना में चयनित हुए

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 23 फरवरी, नगर परिषद रामपुर बाघेलान के अंतर्गत संचलित आदर्श उच्च मा वि रामपुर बघेलान के शैक्षणिक सत्र 2024वां 25 के कक्षा 12 वीं में पास होकर जाने वाले बच्चो भारतीय सेना में चयनित होने वाले विवेक सिंह, रोशन मिश्रा, सचिन सिंह, प्रतीक सिंह ने एक साथ सफलता अर्जित कर अपने माता पिता के साथ विद्यालय का नाम रोशन किया।**



छात्र विवेक सिंह ने बताया कि भारतीय सेना में चयनित होने पर आप सभी का आशीर्वाद और कठिन परिश्रम से ही सफलता प्राप्त हुई है और देश की सेवा करने का अवसर मिला है।

छात्र रोशन मिश्रा ने बताया कि बेरोजगारी की दौर में अपने आप को देश सेवा करने का जो अवसर मिला है उसके लिए मैं ईश्वर, अपने माता पिता और आदर्श विद्यालय के प्राचार्य रामचरित सिंह के साथ सभी शिक्षकों का आभारी हूं जिनके सफल मार्गदर्शन से मुझे देश सेवा करने का अवसर मिला। आज चयनित बच्चो को आदर्श उच्च मा वि रामपुर बघेलान में बुलाकर हम लोगो का सम्मान किया गया इसके लिए हम सभी विद्यालय परिवार का आभारी हूं।

# श्रीमद् भागवत कथा की निकाली कलश एवं शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

**अमदरा 23 फरवरी, जगत कल्याण हेतु संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन पूर्व जनपद अध्यक्ष पंडित सुरेश तिवारी एवं सुभद्रा तिवारी के आयोजकत्व में श्रीजी गौशाला फट्टीबाबा आश्रम दसईपुर में आयोजित की जा रही है।**



कथा व्यास पूज्य श्री देवप्रवर प्रपन्नाचार्य जी महाराज पुरानी लंका चित्रकूट धाम के अमृतमई वचनों से श्रवण कराई जा रही है। कथा शुभारंभ के पूर्व रविवार को भव्य कलश एवं शोभायात्रा श्रीराम मंदिर पोंडी से गाजे बाजे के साथ निकाली गई जो कथा स्थल में पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से देवप्रवर प्रपन्नाचार्य जी महाराज, वरिष्ठ समाजसेवी रामनिवास उरमलिया, कैलाश गौतम, देवेंद्र पांडेय, वंशगोपाल परौहा, अशोक तिवारी कैलाश तिवारी पीएल द्विवेदी, मनोज तिवारी, रमाकांत दुबे, रामनरेश पयासी, शंखधर पयासी, इंद्रपाल गर्ग, बबल मिश्रा, भुवन मिश्रा, सुशील तिवारी एवं रज्जन शुक्ला दिनेश सोनी सहित काफी संख्या में भक्तजन शामिल रहे।



# बेमौसम बारिस से फुटपाथी हुये परेसान

नवभारत न्यूज

**उचेहरा /सतना 23 फरवरी, मौसम की बेरुखी के चलते हुई अचानक बेमौसम बारिश से जहां किसान परेशान हो गए ,वहीं फुटपाथी दुकानदार भी परेशान हो दिखे ,दोपहर को करीब आधा घण्टे हुई बारिश ने बरसात के दिनों की याद दिला दी ।**

नगर के फुटपाथी दुकानदारों में हुई अचानक बारिश से अफरा तफरी मच गई गरज के साथ हुई बारिश के बाद खिली धूप निकल आई इसके बाद भी मौसम का रुख नरम ही रहा । परसमनिया पठार में भी अचानक इंद्रदेव प्रसन्न नजर आए नगर में एस बी आई साखा के पास पेड़ गिर जाने से कुछ समय के लिए विद्युत सप्लाई बाधित रही ।

# गुझवा क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य फाइनल, गुझवा बनी विजेता

## फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि युवा उद्योगपति एवं समाजसेवी गुलाब शुक्ला रहे

नवभारत न्यूज

**कोटर 23 फरवरी, सिद्धा ग्राउंड में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रोमांच, उत्साह और खेल भावना के बीच भव्य रूप से सम्पन्न हुआ।**



फाइनल मुकाबला गुझवा और कारीगोही टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबले को बेहद रोमांचक बना दिया। बल्लेबाजों ने आकर्षक शॉट्स लगाए तो गेंदबाजों ने भी सटीक गेंदबाजी से दर्शकों को प्रभावित किया। अंततः गुझवा टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और विजेता ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि कारीगोही टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा उद्योगपति एवं समाजसेवी गुलाब शुक्ला उपस्थित रहे।

उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा विजेता गुझवा टीम को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए। साथ ही उपविजेता कारीगोही टीम के खिलाड़ियों की भी सराहना करते हुए कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन खेल भावना और अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। अपने संबोधन में श्री शुक्ला ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे खेल आयोजनों से युवाओं की प्रतिभा निखरती है और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। मंच पर विनय त्रिपाठी , मंजू गौतम , रोहित गर्ग , अरुणेंद्र गर्ग , रिक्कू द्विवेदी , शुभम शुक्ला , जय सेवक (सरपंच गुझवा), वीरेंद्र तिवारी एवं गुलाब चंद्र गुप्ता सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का आयोजन समिति द्वारा पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक समिति ने सभी खिलाड़ियों, अतिथियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया। पूरे आयोजन ने क्षेत्र में खेल भावना, एकता और उत्साह का संदेश दिया तथा युवा प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान किया।

# एक मुट्ठी अनाज व एक रूपये के अंशदान से होगा नानाजी की पुण्यतिथि पर भंडारा

## नानाजी की 16वीं पुण्यतिथि 27 को, नानाजी के प्रति गाँव-गाँव दिखाई दे रहा है जन सहभागिता का नजारा

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 23 फरवरी, राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की 16 वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम के भले ही 3 दिन शेष है लेकिन जन सहभागिता का भाव गांव-गांव दिखाई दे रहा है।**



दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव श्री अभय महाजन ने बताया कि नानाजी ने गांवों के विकास में जनता की पहल और सहभागिता को ही अपना ध्येय माना इसलिए पिछले 15 वर्षों से उनकी पुण्यतिथि का कार्यक्रम जन सहभागिता से ही संपन्न होता आ रहा है। नानाजी की पुण्यतिथि के अवसर पर ग्रामीण जनों को कृषि, पशुपालन, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, विवाद मुक्त ग्राम और अन्य क्षेत्रों की विभिन्न योजनाओं एवं प्रगति की जानकारी देने हेतु कार्यक्रम आयोजित होते आ रहे हैं। इसलिए नानाजी की 16 वीं पुण्यतिथि 27 फरवरी का कार्यक्रम भी जन सहभागिता से संपन्न होगा। इसके लिए प्रत्येक घर से कम से कम एक मुट्ठी अनाज और कम से कम एक रूपया अंशदान सहयोग रूप में आह्वान किया गया है। श्री महाजन ने कहा कि नानाजी स्थूल रूप से गए लेकिन उनके प्रति आस्था आज भी विद्यमान है, यहां लोगों में प्रबल आस्था दिखती है। ऐसी ही कुछ आस्था चित्रकूट क्षेत्र के ग्राम वासियों में भारत रत्न नानाजी देशमुख के लिए दिखी। मझगवां विकासखंड और चित्रकूट जनपद के गांव-गांव में आस्था के प्रति सहभागिता का नजारा देखने लायक है। नानाजी की पुण्यतिथि के लिए ग्रामवासी बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने में लगे हुए हैं।

इसके लिए दीनदयाल शोध संस्थान के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ ग्रामवासी एवं चित्रकूट के नगर वासी एकत्रीकरण में लगे हुए हैं। टोली के रूप में सभी लोग मझगवां एवं चित्रकूट जनपद के अधिकांश गांव एवं घरों तक पहुंच रहे है, पुण्यतिथि कार्यक्रम का आमंत्रण दिया जा रहा है और सहयोग की अपेक्षा की जा रही है। पुण्यतिथि का यह कार्यक्रम 26 फरवरी को प्रातः 7.00 बजे से अखंड मानस पाठ के साथ प्रारंभ होकर 27 फरवरी को हवन के पश्चात भंडारा प्रसाद के साथ संपन्न होगा।